एसीबी छापेमारी में 100 प्लॉट्स के मालिक निकले अधीक्षण अभियंता जेडीए में यथावत पदस्थापित क्यों?

छापेमारी के 4 दिन बाद तक जेडीए प्रशासन ने उन्हें एपीओ तक नहीं किया है, जबकि ऐसे मामलों में सबसे पहले आरोपी को उसके पद से हटा कर एपीओ किया जाता है, मामला गंभीर होने पर निलंबन की कार्रवाई तक की जाती है।

- **एसीबी भी जांच कर रही है कि इंजीनियर अविनाश आखिर किस प्रकार बीते 11 साल से जेडीए के जोन 11 में टिका रहा और 100 करोड़ की संपत्ति बनाता रहा**

जयपुर (का. स.)। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) में पदस्थापित अधीक्षण अभियंता (एसई) अविनाश शर्मा के पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कार्रवाई के बाद जेडीए प्रशासन ने अभी तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं की है। वे अभी तक जोन 11 में अपने पद पर जमे हुए हैं। पद पर जमे होने की वजह से वे एसीबी के छापे को मैनेज करने में लगे हुए हैं। एसीबी की टीमों ने गत मंगलवार सुबह अविनाश शर्मा के सात ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी, जिसमें वे 100 प्लाटों के मालिक निकले। इन प्लाटों की कीमत 100 करोड़ रुपए से भी अधिक है।

एसीबी ने खुलासा किया था कि अधीक्षण अभियंता करोड़ों रुपए की संपत्ति का मालिक है। जयपुर में गोपालपुरा मोड़, मानसरोवर, सांगानेर, पृथ्वीराज नगर, जगतपुरा, प्रताप नगर एवं रिंग रोड के आस-पास करीब 25 कॉलोनियों में 100 से अधिक जमीनों को खरीदने और निर्माण करने पर करोड़ों रुपए खर्च करने की जानकारी मिली।

जेडीए प्रशासन ने अभी तक एसई अविनाश शर्मा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। इस छापेमारी के चार दिन बाद तक जेडीए प्रशासन ने उन्हें एपीओ तक नहीं किया है, जबकि ऐसे मामलों में जेडीए सबसे पहले आरोपी को उसके पद से हटा कर एपीओ किया जाता है।

मामला गंभीर होने पर निलंबन की कार्रवाई तक की जाती है। इस 100 करोड़ के मालिक इंजीनियर एसई अविनाश 11 साल तक एक ही जोन में किस तरह टिका रहा और संपत्ति बनाता रहा उनकी भी एसीबी जांच कर रही है।

एसई अविनाश शर्मा के जोन में काम लेने वालों ने भी जम कर चांदी कूटी है। ठेकेदारों ने करोड़ों रुपए के ठेके लिए लेकिन उनकी क्वालिटी की जांच तक सही तरीके से नहीं की गई। बिल्डर, कॉलोनाजर और हाउसिंग सोसायटी को उनकी स्कीमों में फायदा पहुंचाने के नाम पर ऐसी जगहों पर सड़के बना दी जहां आबादी तक नहीं है। केवल निवेशकों को भविष्य के सुनहरे सपने दिखा कर उन्हें अपनी स्कीमों में प्लाट व फ्लैट और विला बेचे हैं। जोन 11 के इलाके में अजमेर रोड पर महिन्द्रा सेज, जयसिंहपुरा, बगरुखुर्द, बालावाला, अचरावाला, अजयराजपुरा, कपूरावाला, डिग्गी रोड पर रोहिणी नगर तक का इलाका आता है। इनमें सबसे ज्यादा स्कीमें कोलोनाइजर्स ने जोन 11 में काटी है। इनमें स्कीमों और उसके आसपास दस प्रतिशत आबादी भी नहीं बसी है। इसके बावजूद सेक्टर रोड और जोनल प्लान की सड़कें तक बना दी जिसका सबसे बड़ा फायदा गई। बिल्डर, कॉलोनाजर और हाउसिंग सोसायटी को हुआ है जबकि इस एरिया में अभी तक ना तो सीवर लाइन और ना ही पानी की लाइनें डाली हुई है। सड़कों की क्वालिटी इस कदर खराब है कि छह महीने में ही सड़कें उधड़ गई। इनमें जगह-जगह गड्ढे हो गए।

होली सेलिब्रेशन पर जमकर थिरके स्पेशल बच्चे

मानसरोवर स्थित उमंग संस्थान में स्पेशल बच्चों ने डांस कर समूचे माहौल के होली के रंग में रंग दिया।

जयपुर। बॉलीवुड सिंगर रवीन्द्र उपाध्याय की लाइव परफॉर्मेंस पर स्पेशल बच्चों ने डांस कर समूचे माहौल के होली के रंग में रंग दिया।

मानसरोवर स्थित उमंग संस्थान में हुए होली सेलिब्रेशन में करीब 300 से अधिक स्पेशल बच्चों को चेहरे होली की मस्ती से खिले दिखे। इस मौके पर संस्थान प्रिंसीपल दीपक कालरा, संस्थान परिवार से जुड़े सोशल एन्टप्रेन्योर सुधीर माथुर ने स्पेशल बच्चों के संग होली पर्व की खुशियां बांटी।

इन बच्चों फूलों की होली से पूरे संस्थान को होली के उल्लास भर दिया। होलिया में उड़े ने गुलाल..., होली खेले रघुवीरा..., रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे...जैसे गीतों पर स्पेशल बच्चों ने जमकर डांस किया। अंत में सभी बच्चों को गुलाल का टीका लगाकर मिठाई वितरित की गई।

एकमुश्त समझौता योजना से भूमि विकास बैंकों को मिलेगी संजीवनी : दक

जयपुर। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भूमि विकास बैंकों के ऋणों के लिए एकमुश्त समझौता योजना लाए जाने से किसानों और लघु उद्यिमयों को तो बड़ी राहत मिलेगी ही कमजोर आर्थिक स्थिति से जूझ रहे भूमि विकास बैंकों के लिए भी राज्य सरकार का यह कदम

- **'760 करोड़ रुपये के अवधिपार ऋणों की वसूली होगी आसान'**
- **'मूल धन की राशि जमा करवाने पर अवधिपार ब्याज में मिलेगी शत प्रतिशत राहत'**

संजीवनी साबित होगा।

मंत्री ने बताया कि प्रदेश के सहकारी भूमि विकास बैंकों द्वारा किसानों और जरूरतमंद लघु उद्यमियों को दीर्घकालीन ऋणों के माध्यम से प्रदेश के कृषि और आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाई जाती रही है। लेकिन विगत कुछ वर्षों में विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के कारण ऋणी किसानों द्वारा बैंक के ऋण की किश्तें नहीं चुकाई जा सकीं, जिसके परिणामस्वरूप इन बैंकों का अवधिपार ऋण लगभग 760 करोड़ रुपये हो गया। अब मुख्यमंत्री द्वारा एकमुश्त समझौता योजना लागू करने की घोषणा करते हुए इसके लिए 200 करोड़ रुपये का व्यय प्रस्तावित किया गया है, जिससे भूमि विकास बैंकों के ऋणों की वसूली आसान होगी और उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

दक ने कहा कि राज्य सरकार के'सुराज संकल्प'में किसानों की भूमि नीलाम नहीं होने देने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत भूमि विकास बैंकों द्वारा वसूली के लिए की जाने वाली नीलामी कार्यवाही को भी स्थगित किया हुआ है। उन्होंने कहा कि किसानों का यह वर्ग आशान्वित था कि राज्य सरकार उन्हें राहत देते हुए एकमुश्त समझौता योजना लागू करेगी। मुख्यमंत्री ने उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा का जवाब देने के दौरान यह बड़ी घोषणा की है। सहकारिता मंत्री ने बताया कि इस घोषणा के तहत भूमि विकास बैंकों के 1 जुलाई, 2024 को अवधिपार हो चुके मध्यकालीन एवं दीर्घकालीन ऋण की मूल धन की 100 प्रतिशत राशि जमा करवाने पर अवधिपार ब्याज में 100 प्रतिशत की राहत दी जाएगी। सहकारिता मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री की इस घोषणा से प्रदेश के भूमि विकास बैंकों से जुड़े हुए 36,351 अवधिपार ऋणी सदस्यों को अवधिपार ब्याज में शत प्रतिशत राहत का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसके परिणामस्वरूप उक्त ऋणी सदस्यों को नवीन कृषि और अकृषि गतिविधियों के लिए राज्य सरकार की 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना में ऋण दिया जाकर लाभान्वित किया जा सकेगा।

राजस्व अधिकारियों ने किया फसल खराबे का जायजा लिया

जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने भी कई इलाकों का किया निरीक्षण

जयपुर। जयपुर जिले के कई इलाकों में हुई ओलावृष्टि, बारिश एवं अंधड़ से फसलों को नुकसान हुआ है। जिला

- **फसल बीमा कंपनियों से समन्वय स्थापित कर प्रभावितों को मदद पहुंचाने के दिये निर्देश**

कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों ने अपने क्षेत्र के खेतों में जाकर फसल खराबे से हुए नुकसान का जायजा लिया।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आंधी के रामपुरा, सोनकोटड़ा, डागरवाड़ा सहित अन्य तहसीलों के प्रभावित इलाकों का दौरा किया एवं खेतों में जाकर ओलावृष्टि, बारिश एवं अंधड़ से हुए नुकसान का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने प्रभावित किसानों से संवाद भी किया। जिला कलक्टर ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को फसल बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर प्रभावित किसानों के जल्द से जल्द नियमानुसार मदद पहुंचाने के निर्देश दिये हैं।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आंधी के रामपुरा, सोनकोटड़ा, डागरवाड़ा सहित अन्य तहसीलों के प्रभावित इलाकों का दौरा किया।

जिला कलक्टर ने खेतों में निरीक्षण के दौरान प्रभावित काश्तकारों को फसलों में हुए नुकसान का मुआवजा प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के किसान रक्षक हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 14447 पर फोन कर शिकायत दर्ज करवाने के लिए जागरुक किया गया।

इस दौरान उपखंड अधिकारी जमवारामगढ़, तहसीलदार आंधी एवं फसल बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि मौके पर मौजूद रहे। गौरतलब है कि 13 मार्च को जयपुर के कई इलाकों में बेमौसम वर्षा एवं ओलावृष्टि से किसानों की फसल खराब हुई है।

सिटी पैलेस में पारम्परिक होलिका दहन का आयोजन

जयपुर। जयपुर के सिटी पैलेस में पारम्परिक ''होलिका दहन'' का आयोजन

- **लोक कलाकारों द्वारा चंग की शानदार प्रस्तुति दी**
- **उत्सव में राजमाता पद्मिनी देवी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रिंसेस गौरवी कुमारी भी उपस्थित रहीं**

शाही शान-शौकत के साथ किया गया। ''होलिका दहन'' से पूर्व, जयपुर के एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने पूजन एवं हवन अनुष्ठान सम्पन्न किया।

जयपुर के सिटी पैलेस में ''होलिका दहन'' से पूर्व, जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने पूजन एवं हवन अनुष्ठान सम्पन्न किया।

इस अवसर पर राजमाता पद्मिनी देवी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रिंसेस गौरवी कुमारी भी उपस्थित रहीं और अनुष्ठान में शामिल हुईं।

समारोह में कई व्यक्ति और अतिथि सम्मिलित हुए। जयपुर में परंपरा के अनुसार, होलिका दहन के बाद स्थानीय लोग होली की पवित्र अग्नि को संबंधित कालोनियों में ''होलिका दहन'' के लिए ले गये। उत्सव के दौरान लोक कलाकारों द्वारा चंग की शानदार प्रस्तुति दी गई। शुक्रवार को सिटी पैलेस में धुलंडी उत्सव मनाया गया। जयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्यों ने अपने मेहमानों के साथ रंगों का त्योहार मनाया। सभी ने रंगों, फूलों, पिचकारियों, पारंपरिक गुलाल गोटे और लोक संगीत के बीच जीवंत उत्सव का आनंद लिया।

तेज रफ्तार कार ने दो युवतियों को टक्कर मारी

जयपुर। जयपुर ग्रामीण जिले के फुलेरा थाना इलाके में शुक्रवार शाम एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार दो युवतियों को टक्कर मार दी। दोनों युवतियां उछलकर 50 फीट दूर जा गिरीं। ग्रामीणों ने घायल दोनों युवतियों को एम्बुलेंस की मदद से हॉस्पिटल भिजवाया। बताया जा रहा कार करीब 120 किलोमीटर की रफ्तार से चल रही थी।

- **दोनों युवतियां उछलकर 50 फीट दूर जा गिरीं**
- **कार करीब 120 किमी की रफ्तार से चल रही था**

थानाधिकारी श्रवण कुमार ने बताया कि हादसा शुक्रवार शाम को जोबनेर रोड पर हुआ था। जहां फुलेरा की ओर से एक स्विफ्ट कार तेज रफ्तार में जोबनेर की तरफ जा रह थी। करीब 120 किलोमीटर की स्पीड में देवडा मोड़ पर कार को मोड़ा। जहां स्पीड ज्यादा होने के कारण मोड़ पर कार रॉन्ग साइड पहुंच गई। सामने से आ रही स्कूटी सवार दो युवतियों को टक्कर मार दी। कार की स्पीड ज्यादा होने के कारण टक्कर लगते ही स्कूटी सहित दोनों युवतियां करीब 50 फीट दूर जाकर गिरी। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से कार को दौड़ ले गया। घटनास्थल के आस-पास मौजूद ग्रामीणों ने दोनों घायल युवतियों को संभाला। घायल युवतियों के परिजनों को सूचना देने के साथ ही एम्बुलेंस बुलाकर हॉस्पिटल भिजवाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से जानकारी ली। पुलिस का कहना है कि किसी भी प्रकार की कंप्लेंट पुलिस को नहीं की गई है। मौके पर दोनों वाहन भी नहीं मिले हैं। घायल युवतियों व कार ऑनर के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं एक शॉप के बाहर लगे सीसीटीवी में एक्सीडेंट की फुटेज मिली है। कार तेज रफ्तार में मुड़ती दिख रही है। ब्रेक लगाने के कोशिश में रोड किनारे मिट्टी में स्लिप होती है। उसके बाद भी स्पीड कंट्रोल नहीं होने पर सामने से आ रही स्कूटी सवार दोनों युवतियों को अपनी चपेट में ले लेती है।

जांच अधिकारी एएसआई सुभाष ने बताया कि पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि देवंदा की ढाणी फुलेरा निवासी पिंकी (20) और उसकी मौसी संजना (42) का एक्सीडेंट हुआ है। दोनों भतीजी और मौसी स्कूटी से घर लौट रहे थे। घर से करीब आधा किलोमीटर पहले ही ओवर स्पीड कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। स्कूटी सहित उछलकर दूर गिरने से संजना-पिंकी दोनों के ही पैरों में फ्रैक्चर है। दोनों का इलाज चिरायु हॉस्पिटल में चल रहा है। घायलों के परिजनों ने अभी तक किसी प्रकार की शिकायत नहीं दी है।

मुख्यमंत्री, भूपेन्द्र यादव के पिता के अंतिम संस्कार में शामिल हुए

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के हरियाणा स्थित पैतृक गांव जमालपुर पहुंचकर उनके पिता की पार्थिव देह पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को केन्द्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव के पिता स्व. कदम सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। शर्मा केन्द्रीय मंत्री के हरियाणा स्थित पैतृक गांव जमालपुर पहुंचे और उनके पिता की पार्थिव देह पर श्रद्धासुमन अर्पित कर अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

यादव के पिता का शनिवार सुबह निधन हो गया था।

थार सवार बदमाशों ने गांधी नगर एसीपी की गाड़ी को मारी टक्कर

जयपुर। धुलंडी पर ड्यूटी के दौरान थार सवार बदमाशों ने एसीपी गांधी नगर की गाड़ी को टक्कर मार दी। इसके बाद एसीपी और कॉन्स्टेबल ने अपने आपको बचाया। एसीपी की सूचना पर नाकाबंदी करवाई, लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं लगा। एसीपी के साथ मौजूद कॉन्स्टेबल ने कार सवार बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है।

थानाधिकारी आशुतोष ने बताया कि शुक्रवार को धुलंडी के दिन एसीपी गांधी नगर नारायण कुमार इलाके में गश्त कर रहे थे। दोपहर करीब 2 बजे एसीपी की कार रिजर्व बैंक चौराहे के पास थी। इसी दौरान पीछे से एक थार गाड़ी आई। थार ने एसीपी की कार को पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद एसीपी और गाड़ी में बैठा जाप्ता लोगों को दूर करने लगे। इस दौरान बदमाशों से खुद को बचाने के लिए एसीपी डिवाइडर की तरफ भागे। बदमाश सरकारी गाड़ी को टक्कर मारकर मौके से निकल गए। इस पर पुलिस अधिकारी ने कंट्रोल रूम को घटना की जानकारी दी।

स्कूटी सवार युवकों ने गाड़ियों पर पत्थर फेंके

जयपुर। वैशाली नगर थाना इलाके में धुलंडी पर स्कूटी और बाइक सवार कुछ युवकों ने कॉलोनी में खड़ी गाड़ियों पर पथराव कर शीशे तोड़ दिए। नेमी सागर कॉलोनी में पत्थर से गाड़ी के शीशे तोड़ते युवक सीसीटीवी में भी कैद हो गए। सीसीटीवी में फुटेज कैद होने पर कार मालिक आरएस चौधरी ने पुलिस कंट्रोल रूम और पुलिस हैल्प लाइन पर घटना की शिकायत की। जिस पर पुलिस ने पुलिस कंट्रोल रूम से मिली शिकायत पर जांच शुरू कर दी हैं।

पीड़ित आरएस चौधरी ने बताया कि 14 मार्च को धुलंडी के दिन स्कूटी और बाइक सवार कुछ युवक कॉलोनी में घुसे। हुड़दंग करते कार के शीशे पर पथराव कर भाग निकले। कार पर पथराव की आवाज आने पर बाहर आए। इस पर देखा कि कार का शीशा टूटा हुआ है।

घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज को चौक किया तो बाइक और स्कूटी पर सवार कुछ युवक हुड़दंग करते हुए कॉलोनी से निकले और कार पर पथराव किया।

सार-समाचार

ग्राम पंचायत स्तर पर भी खुलेंगे सार्वजनिक पुस्तकालय

जयपुर। शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में शिक्षा संकुल में शनिवार को आयोजित राज्य पुस्तकालय समिति की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश में सार्वजनिक पुस्तकालयों के विकास एवं सुदृढीकरण हेतु राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, कोलकाता द्वारा दी जा रही सहायता के अन्तर्गत प्रदेश में अब ग्राम पंचायत स्तर पर भी सार्वजनिक पुस्तकालय शुरू किए जाने का अहम निर्णय लिया गया है। इस योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में भरतपुर एवं जोधपुर जिलें मे 50-50 सार्वजनिक ग्राम पंचायत पुस्तकालय खोले जाने है, जो ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सरकारी भवन में शुरू होंगे। इनमें 20 विद्यार्थियों के बैठने हेतु कम्प्यूटर व चरित्र निर्माण एवं कैरियर निर्देशन का साहित्य उपलब्ध करवाया जाएगा। बैठक मे उपस्थित राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान के महानिदेशक डॉ. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत पुस्तकालयों का विस्तार कर अगले चरण में राजस्थान के सभी जिलों की ग्राम पंचायत स्तर तक इन्हें खोलने की योजना बनाई जायेगी।

राइजिंग राजस्थान एमओयू होल्डर्स के लिये प्रत्यक्ष आवंटन योजना जारी

जयपुर। ''राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024'' के संदर्भ में राज्य सरकार के साथ एमओयू निष्पादित करने वाले निवेशकों के लिए रीको द्वारा चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड के आरक्षित मूल्य पर औद्योगिक भूखंडों के प्रत्यक्ष आवंटन योजना जारी कर दी गई है। ऐसे उद्यमी जिन्होंने इस पॉलिसी के लागू होने की तिथि तक राज्य सरकार के साथ निवेश हेतु मैमोरेण्डम ऑफ अंडरस्टेडिंग (एमओयू) निष्पादित किया हो, वे इस योजना में आवेदन कर सकते हैं तथा ऑनलाइन आवेदन वाली दिनांक को, जिनकी राजस्थान के राजनिवेश पोर्टल पर भूमि आवंटन से संबंधित प्रार्थना लम्बित है। योग्य आवेदक रीको की वेबसाईट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस योजना में 98 औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 6936 औद्योगिक भूखण्ड आवंटन हेतु उपलब्ध हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च है तथा ई-लॉटरी दिनांक 3 अप्रैल को प्रस्तावित है।

ग्लेनमार्क न्यूट्रिशन अवॉर्ड्स का समापन

जयपुर। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी शाखा, ग्लेनमार्क फाउंडेशन ने ग्लेनमार्क न्यूट्रिशन अवॉर्ड्स के 5वें संस्करण का सफल समापन किया। यह कार्यक्रम हमारे प्रक्रिया साझेदार आईडीओबीआरओ, स्थिरता साझेदार यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया और ईको-सिस्टम साझेदार इंपैक्ट4न्यूट्रिशन के सहयोग से आयोजित किया गया। यह पहल कुपोषण के खिलाफ नवाचार, प्रभाव और स्थिरता के प्रति ग्लेनमार्क की प्रतिबद्धता को मजबूत करने का माध्यम रही। इस वर्ष पुरस्कारों को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें देशभर के 22 राज्यों के 168 जिलों से कुल 403 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं। विजेताओं में रूरल एनजीओ कैटेगरी में बैकुंठपुर तरुण संघ, सुंदरबन, पश्चिम बंगाल, अर्बन एनजीओ कैटेगरी में स्नेह फाउंडेशन, पुणे, महाराष्ट्र व अन्य कैटेगरी में महावीर इंटरनेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट, जयपुर, राजस्थान रहे। इन तीनों संगठनों को अपने-अपने जिलों में परिवर्तनकारी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रत्येक को दो लाख रुपए का अनुदान दिया गया है।

मॉडल टाउन में दूषित पानी की सप्लाई से लोग परेशान

जयपुर। जगतपुरा रोड स्थित मॉडल टाउन के निवासी पिछले चार पांच दिनों से जलदाय विभाग द्वारा घरों में बदबूदार, दूषित पानी की सप्लाई से बेहद परेशान है। अनेक घरों में बच्चे से बुजुर्ग तक इस गंदे पानी के पीने से पेट की बीमारियों के शिकार हुए है। कई घरों में छत की टंकियां साफ़ करवाकर बाजार से टैंकर मंगवाकर पानी डलवाया है। मॉडल टाउन डी ब्लॉक के कई निवासियों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों सहित राज्य सरकार के संपर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई तथा मुख्य मंत्री और उच्चाधिकारियों को मेल भेजकर दूषित पानी की सप्लाई की जानकारी भेज कर तत्काल समस्या के निराकरण का अनुरोध किया मगर चार - पांच दिन बाद भी किसी अधिकारी ने लोगों की सुध बुध नहीं ली। मॉडल टाउन डी ब्लॉक निवासी वरिष्ठ पत्रकार बाल मुकुंद ओझा ने बताया जलदाय विभाग की लापरवाही और नाकामी से लोगों में भारी रोष व्याप्त है। ऐसा लगता है प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतज़ार कर रहा है।

शिव महापुराण कथा में सुनेंगे भगवान शिव के गूढ़ रहस्य

जयपुर। विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजन समिति के तत्वावधान में शिव महापुराण कथा का आयोजन अप्रैल के अंतिम सप्ताह में किया जा रहा है। आयोजन समिति के संयोजक राजन शर्मा एवं सचिव एडवोकेट अनिल संत ने बताया कि भगवान शिव के परम भक्त मध्यप्रदेश सीहोर के प्रसिद्ध कथा वाचक प्रदीप मिश्रा के श्री मुख से छोटी काशी जयपुर में सप्त दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के संयोजक राजन शर्मा ने बताया कि सप्त दिवसीय शिव महापुराण कथा में सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन स्कूल से 51 बग्गियों एवं तीन बैंड वादन पार्टियों के साथ 21 हजार महिलाएं राजस्थानी पारंपरिक पोशाक में सिर पर मंगल कलश धारण कर गंगा मैया के भजनों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर रोड पर अलग-अलग स्क्रीन लगाकर कलश यात्रा का लाइव प्रसारण किया जाएगा।

वर्ष प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस की घोषणा का स्वागत

जयपुर। नववर्ष समारोह समिति जयपुर ने हिन्दू नववर्ष (वर्ष प्रतिपदा) पर राजस्थान स्थापना दिवस मनाने के सरकार के निर्णय पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है। नववर्ष समारोह समिति के प्रवक्ता महेन्द्र सिंहल ने कहा कि राजस्थान का गठन मुहूर्त के अनुसार वर्ष प्रतिपदा को हुआ था, जो संयोगवश 30 मार्च को पड़ा। लंबे समय से वर्ष प्रतिपदा को राजस्थान दिवस के रूप में मान्यता देने की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी हुई है। उन्होंने आ ान किया कि अब सभी मिलकर वर्ष प्रतिपदा को राजस्थान दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लें। अब तक 30 मार्च को मनाए जाने वाला राजस्थान दिवस सरकारी कार्यक्रम बनकर रह गया था, अब यह समाज का उत्सव बनेगा।

वृद्धाश्रम में मनाया होली का त्यौहार

जयपुर। आशीर्वाद वृद्धाश्रम में धूलंडी कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया। जिसमें आश्रम में रह रहे सभी वृद्धजनों ने होली का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। इसमें सभी वृद्धजनों ने एक दूसरे को गुलाल रंग लगाया और सभी होली के गानों पर डांस भी किया। वृद्धाश्रम के अध्यक्ष धीरज शर्मा ने बताया आशीर्वाद वृद्ध आश्रम में निशुल्क रहना खाना तथा मेडिसिन की सुविधा प्रदान की जाती है तथा सभी वृद्ध जनों के साथ सभी त्योहारों भी मनाये जाते हैं।